Rajasthan Patrika

March 31, 2016
Page No. 7

कल से बचत पर डाका, स्टार्टअप्स को कर छूट

जयपुर . शुक्रवार से आपकी जिंदगी में बहुत कुछ बदल जाएगा। बचत से लेकर रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी कई चीजें बदलेंगी। स्कूलों, अस्पतालों का समय बदलेगा तो बचत पर आपको कम ब्याज मिलेगा। ड्राइविंग लाइसेंस सहित कुछ चीजों में आसानी होगी तो नए स्टार्टअप्स पर कर में सौ फीसदी छूट मिलेगी।

1.30 फीसदी तक कम ब्याज

छोटी बचत योजनाओं पीपीएफ, आरडी, डाकघर एफडी, सीनियर सिटीजन स्कीम, मंथली इनकम स्कीम, सुकन्या समृद्धि योजना, किसान विकास पत्र में ब्याज दरें 0.60 से 1.30 फीसदी तक घट जाएंगी।

सोने के आभूषणों पर एक फीसदी उत्पाद शुल्क रिटर्न की पहली किस्त।

दस लाख से अधिक की लग्जरी कारें एक फीसदी महंगी।

थर्ड पार्टी मोटर वाहन बीमा 15 से 40 फीसदी तक महंगा हो जाएगा।

दो लाख से अधिक नकद खरीदारी पर पैन कार्ड जरूरी।

नए स्टार्टअप्स को कर लाभ पर सौ फीसदी की छूट।

यात्री ड्यूटी युक्त उत्पाद नहीं ला रहा है तो घोषणा पत्र भरने की जरूरत नहीं।

रेलवे देगा सहूलियतें

ट्रेनों में बुजुर्गों, गर्भवती और 45 वर्ष से अधिक उम्र की अकेली महिला यात्रियों के लिए 50 फीसदी सीटें अधिक होंगी। इनमें शयनयान में 4 से बढ़कर अब 6, थर्ड एसी में 2 से बढ़कर 3, सैकंड ऐसी में 2 से बढ़कर 3 हो जाएंगी।

सिलेंडर का नया कोटा जारी

उपभोक्ताओं को 12 रियायती सिलेण्डर मिलेंगे। इससे अतिरिक्त सिलेण्डर लेने पर पूरे दाम चुकाने होंगे। 31 मार्च की शाम के बाद शेष बुकिंग निरस्त हो जाएगी। बीपीएल परिवारों को नए घरेलू कनेक्शन पर निर्धारित 1600 रुपए की छूट भी शीघ्र मिलने लगेगी।

40 हजार कनेक्शन

नए वित्त वर्ष के साथ ही नए कृषि कनेक्शनों की राह खुल जाएगी। हर वर्ष की तरह 40 हजार किसानों को कनेक्शन दिए जाएंगे।

सेवानिवृत्ति आयु

चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति का नया नियम प्रभावी हो जाएगा। अब चिकित्सक 62 साल की आयु में सेवानिवृत्त होंगे।

बदलेगा समय

मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों में ओपीडी का समय सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। पीएचसी, सीएचसी, जिला, सैटेलाइट और अन्य राजकीय स्वास्थ्य केंद्रों में यह समय सुबह 8 से दोपहर 12 और शाम 5 से 7 बजे रहेगा। अवकाश और रविवार के दिन ओपीडी सुबह 9 से 11 बजे तक रहेगा। वहीं एक पारी वाले स्कूलों में संस्था प्रधानों को सुबह 7.50 बजे पहुंचना होगा। शिक्षकों को 8 और विद्यार्थियों को 8.05 पहुंचना होगा। छुट्टी दोपहर 2.10 बजे होगी।

लाइसेंस फटाफट

जयपुर का प्रादेशिक परिवहन कार्यालय अब परीक्षा समाप्त होते ही तुरंत ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रकिया शुरू करेगा।

बदलाव ये भी

10 अप्रैल : सीट पूरी तो किराया पूरा : रेलों में 5 से 12 साल के बच्चों के लिए पूरी सीट चाहिए तो किराया भी पूरा चुकाना होगा। आधे किराए पर पूरी सीट नहीं मिलेगी।

11 अप्रैल : न्यायालयों का समय : हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार रविंद्रकुमार जोशी ने ग्रीष्मकाल सुनवाई के लिए हाईकोर्ट और अधीनस्थ अदालतों की समय सारिणी जारी कर दी है।